

## कसरावद विधायक यादव पहुंचे पानसेमल, किसानों से की चर्चा, कहा- किसानों की मांगे जायज




**पानसेमल।** कृषि उप मंडी के बाहर किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 30 अक्टूबर से जारी है। गुरुवार को पानसेमल धरना स्थल पर कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव, विधायक बड़वानी राजेंद्र मंडलोई एवं किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिलदार सोलंकी, जयस पदाधिकारी सीमा वास्कले व कांग्रेस पदाधिकारीयों के साथ पहुंचे। जिन्होंने विक्रम आछालिया एवं उपस्थित किसानों से चर्चा की और मीडिया को कहा किसानो की मांगे जायज है और किसानों फसलों का उचित दाम मिलना चाहिए। नगर आगमन पर उनका स्वागत किया तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सदाशिव चौधरी, संदीप छाबड़ा सहित अन्य कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट की । इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं खरगोन सूत मिल संचालक प्रकाश सिंह राजपूत, जनपद पंचायत सदस्य मोतीराम सोलंकी, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष रतनसिंह खेड़कर, सदस्य अजय मिश्रा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिलीपराव शितोले, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष अनूप पवार, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोंटा खेड़कर, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विवेक चौधरी आदि मौजूद थे।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम

### राह वीर योजनांतर्गत 112 वाहन चालकों को किया जागरूक और प्रशिक्षित, जिले में संचालित हो रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत बालिकाओं को किया जागरूक




**बड़वानी,** एसपी जगदीश डावर के निर्देशन एवं एएसपी धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में गुरूवार को नवीन पुलिस कंट्रोल रूम में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया ।यातायात पुलिस के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के डायल 112 वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन, प्राथमिक उपचार (सीपीआर) राह वीर योजना एवं एमडीटी प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

#### विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण सत्र में यातायात प्रभारी विनोद सिंह बघेल, डॉ गजेन्द्र चौहान, रेडियो प्रभारी मनोज साहू तथा उपनिरीक्षक संगीता उपस्थित थे। विशेषज्ञों ने चालकों को आपात स्थिति में घायलों को त्वरित प्राथमिक उपचार देने की विधियां, सड़क पर सावधानी बरतने के उपाय तथा सुरक्षित ड्राइविंग के व्यवहारिक पहलुओं के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में लगभग 80 वाहन चालक, पुलिसकर्मी एवं रेडियो शाखा के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। अंत में अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से होते रहेंगे।

#### ऑपरेशन मुस्कान अभियान

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार गुमशुदा नाबालिक बालिकाओं की दस्तयाबी एवं इस तरह की घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से 1 से 30 नवम्बर तक पूरे प्रदेश में मुस्कान विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।



अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एसपी जगदीश डावर ने सभी थाना प्रभारियों को स्थानीय विद्यालयों में बालिकाओं में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने आवश्यक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। एसपी के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पाटी रामदास यादव द्वारा हमराह पुलिस बल के साथ कन्या उमावि पाटी में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक एवं छात्राओं को उक्त अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। थाना प्रभारी ने छात्राओं को यह संदेश भी दिया कि किसी भी तरह की परेशानी या संदेह की स्थिति में वे नि:संकोच डायल 112 या पुलिस थाने से संपर्क कर सकती हैं। इस दौरान पाटी थाने का पुलिस बल एवं विद्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहा। बालिकाओं ने इस पहल के लिए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त कर समाज में जागरूक नागरिक बनने का संकल्प लिया।

**नियमित होंगे कार्यक्रम**

- 30 नवम्बर तक चलेगा मुस्कान विशेष अभियान।
- नियमित रूप से होते रहेंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम।

# अंतिम सप्ताह में होगी प्राण-प्रतिष्ठा

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले के ठीकरी अंतर्गत ग्राम कुंदामाल के गुलाब पावना ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सूत्रों को आत्मसात कर आदिवासी अंचल में आध्यात्मिक वातावरण उत्पन्न करने में अपनी 1 एकड़ जमीन समर्पित कर दी। भूमि पर निर्मित गायत्री संस्कार केंद्र पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सद्विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। ग्राम वासियों को अध्यात्म से जोड़ने में अग्रसर होगा, नव युवकों को संस्कार का पाठ पढ़ाकर व्यसन से बचने की कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। युग निर्माण योजना को नई गति जिले में मिलेगी। 10 मार्च को वैदिक मंत्रोचार से गायत्री परिजनों ने भूमि पुजन कर निर्माण की कार्य योजना बनाई थी। मात्र 8 माह की अवधि में गायत्री संस्कार केंद्र ने अपना आकार ले लिया है। जहां विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



खंडवा पदस्थ शिक्षा अधिकारी प्यारसिंह सोलंकी और उनके परिवार द्वारा पिता के सपनों को पूर्ण करने में अपने खर्च से केंद्र का निर्माण कर समाज को समर्पित करने का संकल्प लिया था, जो पूर्ण हुआ है। डॉ रेवसिग मंडलोई, जिला समन्वयक महेंद्र भावसार, गुलाब पावना ने गायत्री पुजन, गुरु पुजन कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। संगीत टोली ने गुरुवंदना से भाव विभोर कर दिया।

जन्म शताब्दी वर्ष में माताजी के चरणों में आदिवासी अंचल से साधना की श्रद्धांजलि कुंदामांल से समर्पित करते हैं। परिजनों ने भी अपने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत ठीकरी ट्रस्ट मंडल के श्याम महाजन ने किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश मेवाड़े ने किया। आभार मदन

# कन्या हाई स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**बड़वानी, ( नवभारत )।** महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर मुस्कान विशेष अभियान 1 से 30 नवंबर तक चलेगा। यह अभियान एसपी जगदीश डावर, एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी दिनेश चौहान, एडीएसपी महिला सुरक्षा शाखा महेश सुनैया के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है।

थाना प्रभारी दिनेश कुशवाह के नेतृत्व में शा कन्या हाई स्कूल में कार्यक्रम हुआ। महिला डेस्क प्रभारी ललीता चौहान ने अभियान का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि बालिकाओं को गुड-टच, बेड-टच, बाल अधिकार, सुरक्षा के उपाय और साइबर क्राइम से बचाव के बारे में बताया। टोल फ्री नम्बर्स की जानकारी भी दी गई। काउंसलर अनीता चोयल ने बाल-विवाह के बारे में समझाया। इस दौरान प्राचार्य रचना पुरोहित, प्रधान पाठक मोहिनी शुक्ला, संगीता मुकाती, मकवाने, बालिकाएं व स्टॉफ मौजूद था।



**एक नजर में** — भाजपा कार्यालय पर हुई प्रेसवार्ता

## वंदे मातरम गीत के डेढ़ सौ साल होने पर कल मनाएंगे

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 06 नवम्बर**

भाजपा जिला कार्यालय पर प्रेसवार्ता का आयोजन हुआ। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ सुमेरसिंह सोलंकी ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में निर्णय लिया कि 150 वर्ष पूर्व हमारे देश को आजादी दिलाने, क्रांतिकारियों का हौसला बढ़ाने व देशवासियों में देश भक्ति का जज्बा जगाने के लिए बंकिमचंद्र चटोपाध्याय जी ने वंदेमातरम गीत की रचना की थी। जिसे आज 150 साल पूर्ण हो गए हैं। जिसे भाजपा पूरे देशभर में 7 से 26 नवम्बर तक उत्सव के रूप में मनाएगी ।इसी के चलते जिला मुख्यालय पर 8 नवम्बर को भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व में आयोजन किया जाएगा। उसके बाद पूरे जिलेभर में विधानसभा स्तर तथा प्रत्येक नगर व शहरों में आयोजित किया जाएगा। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस गीत को पूरी शिद्दत के साथ धरातल पर उतारने का प्रयास करेगा।



#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, जिला महामंत्री भागीरथ कुशावह, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सुनील भावसार, वंदेमातरम के प्रभारी मिथुन यादव व सहप्रभारी निकिता भामदरे उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## खाना देर से सर्व करने पर मारपीट

इंदौर . विजय नगर क्षेत्र के मंगल सिटी मॉल में एक होटल संचालक के साथ कुछ युवकों ने खाना देर से मिलने पर गाली-गलौज और मारपीट कर दी . हंगामे के बाद पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है . विजय नगर थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि 50 वर्षीय फरियादी कमल पालीवाल निवासी बड़ी भमौरी विजय नगर ने रिपोर्ट में बताया कि वे पंडित फूड सर्विस होटल पर मौजूद थे . इसी दौरान तीन युवक आए और टेबल पर बैठकर खाना ऑर्डर किया . थोड़ी देर बाद वे काउंटर पर आकर कहने लगे कि खाना देर से क्यों मिल रहा है और मां-बहन की गालियां देने लगे . फरियादी ने उन्हें शांत करने की कोशिश की और कहा कि खाना तैयार हो गया है, कृपया टेबल पर बैठ जाएं . लेकिन युवकों ने उनकी बात नहीं मानी और सीढ़ियों के पास ऊपर जाकर उनके साथ हाथापाई करने लगे . इस दौरान नीतेश, वैदिक और सुमेर नामक युवकों ने पहले मारपीट की और बाद में अपने दो अन्य साथियों को भी बुला लिया, जिन्होंने पहुंचते ही फिर से गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ और मुक्कों से हमला कर दिया . पुलिस ने कमल पालीवाल की रिपोर्ट पर तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

## स्कूल के बाहर छात्रों में मारपीट, दो घायल

इंदौर . खजराना क्षेत्र में स्कूल की छुट्टी के बाद कुछ छात्रों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा हो गया . विवाद इतना बढ़ा कि एक छात्र ने नुकीली चीज से हमला कर साथी को घायल कर दिया . पुलिस ने तीन छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है . खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि 18 वर्षीय फरियादी अर्पित विश्वकर्मा निवासी बॉम्बे पब्लिक स्कूल के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोमवार को स्कूल से छुट्टी के बाद वह अपने साथी कुंदन प्रजापति के साथ घर लौट रहा था . तभी प्रागमैटिक स्कूल के पास उन्हीं के स्कूल में पढ़ने वाले यश अटोदे, हिमांशु निवासी कृष्णबाग कॉलोनी और दीपांशु पाल निवासी शिवबाग कॉलोनी ने रास्ता रोक लिया . तीनों ने पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी . जब अर्पित और कुंदन ने विरोध किया तो हिमांशु ने अर्पित को प्लाई के पटिए से मारा, जिससे उसकी पीठ में चोट आई . इसी दौरान यश अटोदे ने कुंदन पर नुकीली चीज से हमला कर दिया, जिससे उसकी बाईं जांघ में गहरा घाव हो गया और खून निकलने लगा . घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने पीड़ितों के बयान लिए और तीनों आरोपी छात्रों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

## जीआरपी ने घंटेभर में तलाशा गुम आईफोन

इंदौर . रेल यात्रियों की सुरक्षा और भरोसे को मजबूत करने वाली मिसाल पेश करते हुए जीआरपी गुना ने मात्र एक घंटे में यात्री का गुम हुआ 70 हजार रुपए का आईफोन खोज निकाला . पुलिस की तत्परता और ईमानदारी से प्रभावित होकर यात्री ने वीडियो संदेश जारी कर टीम का आभार जताया . रेल पुलिस अधीक्षक पदम विलोचन शुक्ल ने बताया कि हनुमान कॉलोनी में रहने वाले 27 वर्षीय यशवर्धन सिंह चौहान उदयपुर जाने के लिए गुना रेलवे स्टेशन पहुंचे थे . स्टेशन पर पहुंचने के बाद उन्हें पता चला कि उनका आईफोन 16 (ब्लू कलर) कहीं गिर गया है . उन्होंने तुरंत जीआरपी थाने में सूचना दी . उपनिरीक्षक श्रीपाल सिंह ने क्यूआरटी टीम को मौके पर भेजा . फरियादी के बयान के आधार पर शक ऑटो में मोबाइल छूटने का था . टीम ने मुखबिरों की मदद से तलाश शुरू की और कुछ ही देर में संबंधित ऑटो बस स्टैंड क्षेत्र में मिल गया . ऑटो की तलाशी लेने पर मोबाइल सुरक्षित हालत में बरामद हो गया . चालक को इसकी जानकारी तक नहीं थी . यात्री यशवर्धन सिंह ने पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि जीआरपी गुना ने जिस तेजी और सच्चाई से मेरा मोबाइल ढूंढ़ निकाला, उसके लिए मैं दिल से धन्यवाद देता हूं . ऐसी पुलिस पर भरोसा करना गर्व की बात है .



## कार्रवाई में तीन युवक चाकू सहित गिरफ्तार

इंदौर . शहर में अवैध हथियार रखने वालों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है . देर रात अलग-अलग इलाकों से तीन युवकों को पुलिस ने चाकू सहित गिरफ्तार किया . तीनों मामलों में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है . खजराना थाना पुलिस ने ऑफिसर कॉलोनी, विजय नगर निवासी 25 वर्षीय अवधेश वर्मा उर्फ गोली को बड़ा मदरसा मैदान से पकड़ा .

# तेज रफ्तार कार ने ली युवक की जान, बाइक सवार को रौंदा

- एमआर-10 पर हादसा, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**इंदौर. एमआर-10 रोड पर दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसा मेडीप्लस हॉस्पिटल के सामने टर्निंग पर हुआ. पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है.**

विजय नगर थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान 22 वर्षीय रवि पिता अंकुर चौहान निवासी 243 देवपुरी कॉलोनी, बंगाली चौराहा के पास, इंदौर के रूप में हुई है. दोपहर करीब 1.40 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से गुजर रहा था, तभी बापट चौराहा की ओर से आ रही कार नम्बर एमपी 09 डीएल 3427 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे सामने से टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही रवि सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया. राहगीरों ने तत्काल उसे पास के मेडीप्लस हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. थाना विजय नगर थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक ईश्वर पटेल ने दी अपनी रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की है.

# अतिक्रमण हटाने पहुंचे पुलिसकर्मी से भिड़ गया परिवार

- मालवीय नगर का मामला, मारपीट का केस दर्ज

**इंदौर.** नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के दौरान मंगलवार मालवीय नगर क्षेत्र में हंगामा हो गया था. पुलिस और निगम दल को देखकर एक परिवार ने विरोध करते हुए न केवल गाली-गलौज की, बल्कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी से झूमाझटकी और मारपीट भी की, इस पर बुधवार को पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया है.

एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि 35 वर्षीय फरियादी बलजीत सिंह चौहान निवासी 142/02 मालवीय नगर ने रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार को वे निगम की टीम के साथ गली नंबर 2, रामदेव मंदिर के सामने अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे. उसी दौरान स्थानीय निवासी राजेश भिडोरे ने कार्रवाई का विरोध करते हुए गालियां बकने लगा. वह बोला- अपनी नेतागिरी अपने पास रखो, मेरा मकान कैसे तुड़वा रहे हो.

फरियादी ने बताया कि उन्होंने समझाने की कोशिश की कि मकान अतिक्रमण क्षेत्र में आता है और कार्रवाई निगम कर रहा है, लेकिन तभी राजेश भिडोरे की पत्नी वंदना भिडोरे और बेटी निक्की भिडोरे भी मौके पर आ गईं और तीनों ने मिलकर उनके साथ धक्का-मुक्की व मारपीट की. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला था, उसी मामले में आज एमआईजी पुलिस ने राजेश भिडोरे, वंदना भिडोरे और निक्की भिडोरे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### इधर तोड़फोड़ चल रही थी, इधर नायब तहसीलदार पर दर्ज हो गया केस

इंदौर. नगर निगम की टीम बुधवार को एमआर-9 रोड पर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई में जुटी थी, इसी बीच उसी इलाके में एक अलग ही मामला चर्चा में आ गया. देवास जिले के बागली में पदस्थ नायब तहसीलदार हर्षा वर्मा के खिलाफ एमआईजी थाने में विवाद के बाद एफआईआर दर्ज की गई. हर्षा वर्मा एमआर-9 रोड पर ही रहती हैं. बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे वे रूट बदलकर अपने घर से निकलीं, तभी मालवीय नगर क्षेत्र में गाड़ी निकालने को लेकर एक व्यक्ति से उनका विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने थाने का रुख कर लिया. एमआईजी पुलिस ने पहले नायब तहसीलदार हर्षा वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की. उसके बाद शाम करीब 5 बजे जब उन्हें इसकी जानकारी मिली, तो वे भी थाने पहुंचीं और युवक के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई. पुलिस दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर जांच कर रही है.

# दिनदहाड़े एक मिनट में बाइक उड़ा ले गए बदमाश

- दामोदर नगर में चोरों के हौसले बुलंद

**इंदौर.** चंदन नगर थाना क्षेत्र के दामोदर नगर में दिनदहाड़े महज एक मिनट में दो बदमाश बाइक लेकर फरार हो गए. बाइक चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है. बाइक चोरी की इस घटना ने इलाके में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

क्षेत्र के ही निवासी एक व्यक्ति की बाइक घर के बाहर खड़ी थी. दो युवक वहां पहुंचे, कुछ देर इधर-उधर नजर घुमाई और चंद सेकंड में लॉक तोड़कर वाहन लेकर भाग निकले. पूरी वारदात 60 सेकंड से भी कम समय में पूरी हो गई. स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से इलाके में वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं. उन्होंने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है. थाना प्रभारी इंद्रमणी पटेल का कहना है कि चंदन नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है.



# 12 घंटे बाद गुजरात में गाड़ी के अंदर बेहोश मिले पशु चिकित्सक

*इंदौर से अचानक हुए थे लापता*

**इंदौर . शहर के महालक्ष्मी नगर में रहने वाले 48 वर्षीय पशु चिकित्सक हरिशंकर रघुवंशी के अचानक लापता होने से बुधवार को हड़कंप मच गया. करीब 12 घंटे की तलाश के बाद देर शाम वे वड़ोदरा के पास अपनी कार में बेहोश अवस्था में मिले . परिजन उन्हें लेने के लिए गुजरात रवाना हो गए हैं .**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि रघुवंशी गुजरात के आणंद स्थित आईबी कंपनी में कार्यरत हैं और अक्सर इंदौर से गुजरात के लिए यात्रा करते रहते हैं . मंगलवार सुबह वे घर से कंपनी की कार नम्बर जीजे 21 सीए 0643 से निकले थे, लेकिन शाम तक आणंद नहीं पहुंचे . देर रात तक कोई संपर्क नहीं होने पर परिवार ने लसूड़िया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई . बेटी शोभा रघुवंशी ने बताया कि पिता की आखिरी मोबाइल लोकेशन मुंबई के आसपास की मिली थी, जिसके बाद फोन बंद हो गया . पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के जरिए उनकी तलाश शुरू की . जांच में पता चला कि उनके साथ एक युवक भी देखा गया था, जिसे परिवार नहीं पहचानता . बुधवार शाम वड़ोदरा पुलिस से सूचना मिली कि रघुवंशी अपनी कार में बेहोश पाए गए हैं . फिलहाल, उनकी हालत के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है . इंदौर पुलिस ने गुजरात पुलिस से सम्पर्क कर आगे की जानकारी मांगी है .



**एक नजर में** — शहर से बस स्टैंड तक आने-जाने में लग रहा अधिक समय, ज्यादा पैसे भी खर्च हो रहे

# यात्रियों को रास नहीं आ रहा नायता मुंडला बस स्टैंड



**इंदौर.** न्यू आरटीओ के पास नायता मुंडला में बनाया गया नया बस स्टैंड शुरू तो हो चुका है, लेकिन यात्रियों के लिए समस्याएं खड़ी हो चुकी हैं. जिनमें अधूरी एप्रोच रोड, बस स्टैंड तक आने-जाने में लगने वाला ज्यादा किराया, स्टैंड तक आने-जाने के लिए सिटी बसों की कमी मुख्य हैं. वहीं पूर्व नवलखा बस स्टैंड पर सन्नाटा छाया हुआ है, न यात्री न व्यापार.विकास के नाम एक और कार्य लिखा गया है नायता मूंडला में न्यू आरटीओ के पास नया बस स्टैंड, जो कि संचालित हो चुका है. हालांकि, नवलखा बस स्टैंड का यह परिवर्तित स्थान यात्रियों के लिए कई असुविधाएं खड़ी कर रहा है. वहीं, पूर्व अस्थाई बस स्टैंड नवलखा पर सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है. यहां से सिटी बसें संचालित हो रही हैं, जो कि यात्रियों को नवलखा से नए बस स्टैंड तक लाती-ले जाती हैं. लेकिन, स्थिति यह है कि सिटी बसें घंटों उन यात्रियों की प्रतीक्षा में खड़ी रहती हैं, जो नए बस स्टैंड जाना चाहते हैं. बमुश्किल इन्हें यात्री मिलते हैं, अक्सर ये बसें 80 प्रतिशत खाली ही चली जाती हैं.

**यह बोले यात्री और व्यापारी...**



नायता मुंडला बस स्टैंड पर जाने के लिए सिटी बसों के इंतजार में हमारे गंतव्य तक जाने वाली बस छूट जाती हैं, जल्दबाजी में रिक्शा करना पड़ता है, जिसे अधिक किराया देना पड़ता है . इससे समय तो लगता ही है, ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं .

**- रोहित मुजालदे**



नवलखा की मानों रौनक ही खत्म हो चुकी है . यात्रियों की असुविधा के साथ लोगों के सालों पुराने व्यापार भी खत्म हो चुके हैं, यह विकास की भेंट चढ़ा दिए गए हैं .

**- रईस खान**



शासन-प्रशासन को इसे हटाना ही था तो जिनका नुकसान हो रहा है, उनके लिए पहले कोई विकल्प निकालते . अब यहां मैदान किस काम का है . जब तक योजना लाएंगे, तब तक समय निकल जाएगा . यहां काम-धंधे करने वालों के सामने भूखों मरने की नौबत है .

**- पं . शिव आचार्य**